# प्रेस विज्ञप्ति

## पटवारी से राजस्व निरीक्षक प्रमोशन भर्ती घोटाला में वीरेन्द्र जाटव एवं हेमन्त कौशिक गिरफ्तार।

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण/एन्टी करप्शन ब्यूरो में पटवारी से राजस्व निरीक्षक प्रमोशन भर्ती घोटाला से संबंधित पंजीकृत अपराध क्रमांक–64/2025 धारा 7(सी) भ्र0नि0अधि0 1988 यथासंशोधित 2018 एवं धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भा0द0वि0 में लगातार अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में आरोपी वीरेन्द्र जाटव, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कार्यालय आयुक्त भू–अभिलेख रायपुर एवं हेमन्त कौशिक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कार्यालय क्षेत्रीय उप आयुक्त भू–अभिलेख रायपुर के विरूद्ध स्वयं एवं वरिष्ठ अधिकारियों को असम्यक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से परीक्षाथियों से मोटी रकम लेकर प्रश्नपत्र लोक करने एवं परीक्षा पूर्व प्रश्नों की तैयारी कराने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य होने पर आज दिनांक 20.11.2025 को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें माननीय न्यायालय भ्र0नि0अधि0 के समक्ष पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाती है।



हेमन्त कौशिक



वीरेन्द्र जाटव